हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 19.2 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री

4
इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा के लिए लगा महिला हॉकी प्रशिक्षण शिविर



## खबर संक्षेप

### आवास योजना में लापरवाही, 7 तकनीकी सहायकों को नोटिस

**जशपुरनगर।** सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए थे परन्तु महत्वाकांक्षी योजना के कार्यों में लापरवाही जनपद पंचायत बगीचा के तकनीकी सहायको को भारी पड़ी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा विगत एक माह की प्रगति के आधार पर तकनीकी सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल जवाब देने हेतु तलब किया गया है अन्यथा एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई पूरे जिले के कार्यरत अधिकारी कर्मचारी को यह संदेश है कि हितग्राहियों से संबंधित योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी राज्य द्वारा जारी समय सीमा में पूर्ण नहीं किया गया तो भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लापरवाही पर आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिका पर कार्रवाई

**अंबिकापुर।** बाल विकास परियोजना उदयपुर अंतर्गत सेक्टर डांडगांव के आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा एवं डांडगांव बाजारपारा के सम्बंध में प्राप्त शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान द्वारा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र चारपारा-सलवा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित पाई गईं परन्तु केन्द्र में एक भी हितग्राही उपस्थित नहीं पाए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्र डाडगाव हरिजनपारा बाजारपारा के निरीक्षण के दौरान केन्द्र बंद पाया गया, साथ ही कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र में उपस्थित नही पाई गई। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यकर्ता नियमित रूप से केन्द्र नही आती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा रेडी टू ईट फूड एव गर्म भोजन भी नियमित प्रदाय नहीं किया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्र मे मिलने वाली रेडी टू ईट फूड एवं गर्म भोजन की सामग्री को कार्यकर्ता अपने घर पर रखती हैं। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि आंगनबाड़ी सहायिका बच्चों को बुलाने नहीं जाती हैं। निरीक्षण के दौरान शिशुवती महिला से भी चर्चा की गयी। महिला द्वारा बताया गया कि उन्हें नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा में रेडी टू ईट प्राप्त नही होता है। 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से भी चर्चा की गयी, उनके द्वारा बताया गया कि उनके बच्चों के लिए भी रेडी टू ईट नहीं मिलता है। उक्त शिकायतों के आधार पर आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता को पद से पृथक करने की कार्रवाई की जा रही है एवं आंगनबाड़ी सहायिका को चेतावनी पत्र तथा सेक्टर सुपरवाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### वाहन की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** ग्राम दबगरी के समीप बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी शक्तिमान आ. बउरी तिर्की (25 वर्ष) 1 जनवरी को बाइक से प्रतापपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्राम दबगरी के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को राजपुर अस्पताल में दाखिल कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया।

## वर्ष 2025 में रहा माफिया-तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

# पुलिस ने 92 प्रतिशत प्रकरणों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वर्ष 2025 में जशपुर पुलिस ने जिले की कानून-व्यवस्था को नई धार दी है। जारी सालाना रिपोर्ट में साफ है कि गंभीर अपराधों से लेकर संगठित माफिया, अंतरराज्यीय ठगी और नशे के नेटवर्क तक हर मोर्चे पर पुलिस ने आक्रामक और परिणामकारी कार्रवाई की। आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि अपराधियों के लिए जशपुर अब आसान नहीं रहा।

बीते वर्ष जिले में कुल 2097 एफआईआर दर्ज हुईं, जिनमें से 1931 मामलों का निराकरण किया गया। पूर्व वर्षों के लंबित मामलों सहित कुल 92.08 प्रतिशत प्रकरणों का समाधान पुलिस की तत्परता और निगरानी को दर्शाता है। हत्या के 58 मामलों में 53 का खुलासा कर 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हत्या के प्रयास, लूट, चोरी और दुष्कर्म जैसे संगीन अपराधों में भी गिरफ्तारी की दर प्रभावी रही। दुष्कर्म के 154 मामलों में 157 आरोपी सलाखों के पीछे पहुंचे।

**अपराधियों पर कड़ा प्रहार, जनता को भरोसे की ढाल, जशपुर पुलिस का 2025 रिपोर्ट कार्ड**



### नशे और अवैध कारोबार पर निर्णायक चोट

ऑपरेशन आघात के तहत शराब और नशे के कारोबार पर करारा प्रहार किया गया। करीब 4 करोड़ रुपये मूल्य की 25,638 लीटर शराब और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए। एनडीपीएस एक्ट के तहत 2.21 करोड़ रुपये से अधिक के मादक पदार्थों की जब्ती ने तस्करों की कमर तोड़ दी। इतना ही नहीं, जिले में पहली बार सेफमा के तहत कुख्यात गांजा तस्करों की 2.39 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर फ्रीज की गई। यह कार्रवाई संगठित अपराध के खिलाफ मील का पत्थर मानी जा रही है।

### गौ-तस्करी, फरार अपराधी और बड़ी गिरफ्तारी

ऑपरेशन शंखनाद में गौ-तस्करी के 144 मामलों में 239 आरोपियों की गिरफ्तारी, 1493 गौवंश और करीब 3 करोड़ रुपये के वाहन जब्त किए गए।वहीं ऑपरेशन अंकुश के तहत वर्षों से फरार 68 आरोपियों को विभिन्न राज्यों से दबोचकर यह संदेश दिया गया कि कानून से बच निकलना अब संभव नहीं।

### संवेदनशीलता भी बनी पहचान

कठोर कार्रवाई के साथ-साथ मानवीय चेहरे की भी मिसाल पेश हुई। ऑपरेशन मुस्कान के तहत 146 गुमशुदा बच्चों को सुरक्षित बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया गया। यह उपलब्धि पुलिस के सामाजिक दायित्व को रेखांकित करती है।

### 2026 का रोडमैप तैयार

जशपुर पुलिस ने आगामी वर्ष के लिए सड़क दुर्घटनाओं में मौत कम करने, महिला-बालिका सुरक्षा, साइबर अपराध नियंत्रण और फरार अपराधियों की धरपकड़ को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है।

### सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध पर फोकस

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने के लिए सख्ती बढ़ाई गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 20,150 चालान कर अनुशासन का संदेश दिया गया।साथ ही, 150 करोड़ और 54 करोड़ रुपये की ठगी जैसे बड़े मामलों का खुलासा कर साइबर और आर्थिक अपराधियों पर भी मजबूत प्रहार किया गया।

## किराना व्यापारी के घर चोरी करने वाला आदतन चोर गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** नए साल की शुरुआत में जशपुर शहर में हुई चोरी की वारदात को जशपुर पुलिस ने महज चंद घंटों में सुलझाते हुए आरोपी आदतन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने रात्रि में किराना व्यवसायी के घर में घुसकर नकदी और मोबाइल फोन पर हाथ साफ किया था।

थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कदमटोली निवासी किराना व्यवसायी ईश्वर राम यादव उम्र 42 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 1 जनवरी की रात दुकान बंद कर घर लौटने के बाद उन्होंने पेंट कमरे में टांगी थी, जिसकी जेब में दुकानदारी के 15 हजार रुपये नकद और 12 हजार रुपये कीमत का वीवो मोबाइल रखा था। रात में परिवार सहित सोने के बाद सुबह उठने पर पेंट आंगन में पड़ी मिली, जबकि नकदी और मोबाइल गायब थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली जशपुर में बीएनएस की धारा 331(4) व 305 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया, इसी बीच सूचना मिली कि गाढ़ा टोली निवासी रोशन भारती उम्र 23 वर्ष चोरी का मोबाइल बेचने की फिराक में है। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया।



### मोबाइल, नकदी और खरीदी गई सामग्री बरामद

तलाशी में आरोपी के पास से चोरी किया गया वीवो मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि चोरी की रकम में से 12 हजार रुपये नकद और 2500 रुपये की सामग्री खरीदी गई थी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कुल 26,500 रुपये मूल्य का सामान जब्त कर लिया।

### आदतन चोर, पहले भी जा चुका है जेल

पुलिस के अनुसार रोशन भारती आदतन चोर है और पूर्व में भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

## मधुबन टोली में नाली से मिलीं हड्डियां, इलाके में सनसनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- किराए के मकान को लेकर उठे गंभीर सवाल, फॉरेंसिक जांच की मांग तेज

शहर के मधुबन टोली क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक किराए के मकान की नाली में संदिग्ध हड्डियां मिलने की सूचना सामने आई। घटना की खबर फैलते ही मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए। कुछ ही देर में मामला तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मधुबन टोली स्थित एक मकान, जो अजय सोनी का बताया जा रहा है, उसकी नाली में संदिग्ध हड्डियां दिखाई दीं। हड्डियों की स्थिति को देखकर लोगों में आशंका गहराने लगी। मोहल्ले में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं, जिससे भय और आक्रोश दोनों की स्थिति बन गई।

घटना से आक्रोशित लोगों ने मकान मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस तरह नाली में हड्डियों का मिलना गंभीर लापरवाही या संदिग्ध गतिविधि की ओर संकेत करता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। हड्डियों की तत्काल फॉरेंसिक जांच कराई जाए। जांच में दोष सामने आने पर संबंधित व्यक्ति पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई हो।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने संदिग्ध हड्डियों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि संबंधित मकान में वर्तमान और पूर्व में कौन-कौन किराएदार रह चुके हैं।

### तनावपूर्ण माहौल, जांच रिपोर्ट का इंतजार

घटना के बाद से मधुबन टोली क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस का कहना है कि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि हड्डियां मानव की हैं या किसी पशु की। फिलहाल पूरे मामले में प्रशासनिक जांच जारी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### दिव्यांग युवती से दुष्कर्म, चंद घंटों में आरोपी पकड़ा गया

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। गांव में अकेली पाकर गूंगी-बहरी और मानसिक रूप से कमजोर युवती के साथ दुष्कर्म किया गया। लेकिन आरोपी ज्यादा देर कानून से नहीं बच सका। जशपुर पुलिस ने संवेदनशीलता और सख्ती दिखाते हुए सूचना मिलते ही ताबड़तोड़ कार्रवाई कर चंद घंटों में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना सिटी कोतवाली जशपुर थाना क्षेत्र की है। पीड़िता की बहन के अनुसार, वह अपने पिता के साथ जंगल लकड़ी लेने गई थी, जबकि भाई-भाभी खेत में काम कर रहे थे। घर पर 26 वर्षीय मूक-बधिर व मानसिक रूप से कमजोर युवती अकेली थी। शाम करीब 4 बजे जब परिजन लौटे तो युवती घर में नहीं मिली। तलाश करते हुए पास की गौशाला पहुंचे तो वहां गांव का ही युवक माइकल टोप्पो उम्र 36 वर्ष युवती के साथ आपत्तिजनक हालत में मिला।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के अभ्यर्थी होंगे शामिल

छत्तीसगढ़ में जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए भारतीय सेना द्वारा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम, धमतरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरुष अभ्यर्थी भाग लेंगे।

इस भर्ती रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं एवं 8वीं पास) पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा रैली में सम्मिलित होने वाले योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा अभ्यर्थियों के पंजीकृत ई-मेल पते पर भी भेजे गए हैं। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना में उल्लेखित सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता एवं प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को दलालों एवं प्रलोभन देने वालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।



## पीएम आवास योजना से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिला पक्का घर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री आवास योजना ने देशभर में आवासहीन परिवारों के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुमतेल निवासी प्रदीप राम उरांव पिता श्री राम जन योजना से लाभान्वित होकर अपने पक्के मकान के सपने को साकार कर रहे हैं। खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले श्री प्रदीप का जीवन कच्चे घर में अनेक कठिनाइयों से गुजरता था।

बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था, हर वर्ष घर की मरम्मत करनी पड़ती थी और बच्चों की पढ़ाई में भी बाधाएं आती थीं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत उन्हें 1.20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह आवास उनके परिवार के लिए एक स्थायी और सुरक्षित आश्रय साबित होगा। सिर्फ आवास ही नहीं, बल्कि शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ प्रदीप को मिल रहा है। उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से सस्ती दरों पर खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है और आयुष्मान भारत कार्ड के जरिए परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त है। इन योजनाओं ने उनके जीवन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया है। प्रदीप राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "प्रधानमंत्री आवास योजना हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए वरदान है। इस योजना ने हमें सुरक्षित छत, स्वास्थ्य सुरक्षा और खाद्यान्न की सुविधा देकर वह सम्मान दिया है जिसकी कल्पना हमने वर्षों से की थी।"प्रधानमंत्री आवास योजना केवल पक्का घर बनाने की योजना नहीं है, बल्कि यह जरुरतमंद परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और स्थायी जीवन का आधार बन चुकी है।

## शिक्षकों ने सीएम के नाम डीईओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कहा-डेटा सुरक्षा की विभागीय जिम्मेदारी निर्धारित होने पर ही वीएसके एप का उपयोग हो


शासकीय शिक्षकों के दैनिक उपस्थिति हेतु छत्तीसगढ़ शासन स्तर के द्वारा एक नया ऐप वीएसके लॉन्च किया गया है। इसके उपयोग हेतु राज्य से आदेश प्रसारित हुआ है परंतु वर्तमान में होने वाले साइबर फ्रॉड और विभिन्न कारणों से इस ऐप के उपयोग हेतु शिक्षकों के बीच अनेक संशय है एवं प्रश्न है। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने शासन का ध्यान आकर्षण हेतु माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला शिक्षा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि उपरोक्त ऐप के उपयोग से डाटा लिक या तकनीकी त्रुटि की स्थिति में विभागीय जिम्मेदारी हेतु कोई स्पष्ट आदेश नहीं है। ऐसे में वीएसके एप के उपयोग से भविष्य में यदि कोई आर्थिक या सामाजिक हानि होती है तो इसकी जवाब देही किसकी होगी यह अस्पष्ट है। यहां शिक्षकों का यह भी कहना है, कि उन्होंने स्मार्टफोन अपने निजी वय से खरीदा है। इस कारण इसके शासकीय उपयोग हेतु उन्हें बाध्य क्यों किया जा रहा है। गौरतलब यह भी है कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के किसी भी ज्ञात नियम एवं कंडिका में इस बात का उल्लेख नहीं है कि शासकीय कर्मचारी के निजी संपत्ति के उपयोग हेतु उन्हें शासन स्तर से बाध्य किया जा सकता है। और अगर उन्हें वीएसके एप के उपयोग हेतु बाध्य किया जा रहा है तो वीएसके एप से होने वाले संभावित हानि की जिम्मेदारी विभाग अपने ऊपर क्यों नहीं ले रहा है।

शिक्षकों ने कहा कि इससे बेहतर होगा कि विभाग स्कूल स्तर पर बायोमेट्रिक उपलब्ध कराए और उसमें शिक्षक अपनी उपस्थिति प्रदान करें। यहां गौरतलब यह भी है कि बहुत सारे विद्यालय ऐसे हैं जहां नेटवर्क भी अच्छी स्थिति में नहीं हैं। कुछ शिक्षको ने यह भी बताया कि यह ऐप सिर्फ एंड्राइड मोबाइल में ही डाउनलोड हो पा रहा है जबकि सिक्योरिटी या अन्य कारण से आईफोन में यह ऐप डाउनलोड नहीं हो रहा है। इस प्रकार से उपरोक्त एप के उपयोग में कई व्यावहारिक दिक्कतें हैं। ज्ञापन देने वालों में फेडरेशन के जिला उपाध्यक्ष मनोज अम्बष्ट, सीमा गुप्ता, जिला विधिक सलाहकार एलन साहू, महासचिव रवि गुप्ता,विकासखंड अध्यक्ष संजय बेक ,उपाध्यक्ष नेस्तोर एक्का, मीना सिन्हा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मयाली में एटीवी राइडिंग, स्पीड बोटिंग, क्रिकेट के साथ इको-टूरिज्म का अनूठा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





नया साल 2026 के पावन अवसर पर जशपुर वनमण्डल द्वारा मयाली नेचर कैम्प में पर्यटकों के लिए रोमांचक एडवेंचर एवं इको-टूरिज़्म गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन वन विभाग द्वारा वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल तथा प्रकृति के बीच यादगार अनुभव प्रदान करना है।

घने वनों, शांत जलाशय और हरियाली से आच्छादित मयाली नेचर कैम्प में इस नववर्ष पर साहसिक गतिविधियों की विशेष श्रृंखला तैयार की गई है। यहाँ आने वाले पर्यटक स्पीड बोटिंग, कायकिंग, एटीवी राइडिंग तथा क्रिकेट जैसी रोमांचक गतिविधियों का आनंद उठा सकेंगे। इन सभी गतिविधियों के लिए नाममात्र शुल्क मात्र 100 रुपये प्रति गतिविधि निर्धारित किया गया है, जिससे अधिक से अधिक लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें।

वनमण्डलाधिकारी जशपुर वनमण्डल शशि कुमार ने बताया कि सभी गतिविधियां प्रशिक्षित कर्मियों की निगरानी में एवं पूर्ण सुरक्षा मानकों के साथ संचालित की जाएंगी। इससे पर्यटकों को न केवल रोमांच का अनुभव मिलेगा, बल्कि वे पूरी तरह सुरक्षित माहौल में प्रकृति के करीब समय भी बिता सकेंगे। मयाली नेचर कैम्प का यह आयोजन इको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने, स्थानीय वन समितियों को रोजगार उपलब्ध कराने तथा जिले के पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो नए साल का स्वागत प्राकृतिक सौंदर्य, रोमांच और सुकून के संग करना चाहते हैं। वन विभाग जशपुर द्वारा सभी नागरिकों एवं पर्यटकों से अपील की गई है कि वे नववर्ष के अवसर पर अपने परिवार एवं मित्रों के साथ मयाली नेचर कैम्प में पधारें। इन आकर्षक गतिविधियों का भरपूर आनंद लें तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा के इजराइल बने राष्ट्रीय मंत्री



**बिश्रामपुर।** भाजपा नीति मंच के राष्ट्रीय संरक्षक रामकृष्ण भार्गव एवं उत्तर प्रदेश विधायक मिश्रिख के निर्देश पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष फत्तेउद्दीन खान कादरी की सहमति से राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हर्ष माहेश्वरी द्वारा ग्राम जयनगर निवासी मो. इसराईल को भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन में राष्ट्रीय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### आबकारी टीम ने शराब बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा, भेजा जेल

**सूरजपुर।** प्रतापपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे आबकारी टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहे युवक को पकड़ा। टीम ने युवक के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



जानकारी के अनुसार प्रतापपुर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक प्रदीप वर्मा गत दिन की टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रेवटी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर निवासी सुनील कुशवाहा आ. रमेश कुशवाहा (22 वर्ष) अपने पास भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम ने दबिश देकर उसके पास से कुल 24.3 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। टीम ने शराब को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, मेवालाल सोनवानी, दिनेश दुबे, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक देवेन्द कुमारी, जमुना एक्का , रूप नारायण साहू एवं वाहन चालक प्रमोद साहू, योगेंद्र पांडे सक्रिय रहे।

### सूने मकान में चोरों का धावा, पार किए नगदी समेत चार लाख के जेवर

**शंकरगढ़।** ग्राम बचवार भदरापारा स्थित एक सूने मकान में चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि दरवाजा एवं दो अलमारी का लॉकर को तोड़ नगदी समेत 4 लाख कीमत के जेवर को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बचवार भदरापारा निवासी अर्पण कुमार उरांव आ. जगेश्वर राम (42 वर्ष) 31 दिसंबर की सुबह पत्नी रंजीता के साथ ड्यूटी करने स्कूल गए थे। दोपहर में अर्पण घर आया और फिर घर को बंद कर वापस चला गया। शाम को जब दोनों वापस घर लौटे तो उनके होश उड़ गए। घर के दरवाजा का ताला टूटा और कमरे में रखे दो अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। मकान मालिक जब अलमारी में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला कि अलमारी में रखे नगद तीन हजार रूपए के अलावा लगभग 4 लाख कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व दो सीसीटीवी कैमरा गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### आदिवासी समुदाय के गोत्र चिन्हों की दी जाएगी जानकारी

# वन्य जीवों का अवैध शिकार रोकने वन विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में चलाएगा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन्य जीवों के अवैध शिकार की लगातार बढ़ रही घटनाएं वन विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसी घटनाओं को रोकने में नाकाम विभाग ने अब आदिवासी समाज की पुरातन धार्मिक मान्यताओं का सहारा लेने की योजना बनाई है। विभाग आदिवासी समाज की धार्मिक एवं पारम्परिक मान्यता से समाज को अवगत कराने के साथ ही समाज प्रमुखों एवं बैगागुनिया के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

**खास बात**

- अपने गोत्र-चिन्हों का संरक्षण करने किया जाएगा प्रेरित

वन्य जीवों के अवैध शिकार की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पूर्व में लोग वन्यजीवों का शिकार तीर एवं घेराबंदी के माध्यम से करते थे। इस कार्य में अनेक लोगों के शामिल होने के कारण मामला सामने आ जाता था तथा आरोपी आसानी से पकड़ लिए जाते थे। पहले शिकार की घटनाएं भी कम होती थी। पिछले एक दशक से शिकार के लिए ग्रामीण करंट का फंदा लगा रहे हैं जिससे जंगली सुअर के साथ ही अन्य वन्य जीव तेजी से शिकार बन रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से हाथी एवं बाघ जैसे वन्य जीव भी शिकार बन रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से अब तक एक दर्जन से अधिक हाथियों की मौत हो चुकी है। एक पखवाड़े पूर्व ग्रामीणों द्वारा भैंसा मुंडा के जंगल में जंगली सुअर के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे में फंसने से एक बाघ की मौत हो गई थी। वन अमला अवैध शिकार की घटनाओं को रोकने में सफल नहीं हो पा रहा है न ही विभाग द्वारा ही इसके लिए कोई कारगर पहल की जा रही है। ऐसी स्थिति में विभाग ने आदिवासी समाज की धार्मिक मान्यताओं, उनकी परम्परा, कुल-गोत्र, बैगा-गुनिया एवं समाज प्रमुखों की मदद से आदिवासियों को जागरूक करने की योजना बनाई है। आदिवासी समाज प्रारंभ से ही प्रकृति से जुड़ा है तथा इस समाज ने प्रकृति के संरक्षक की भूमिका निभाई है। आदिवासी समाज के कुल-गोत्र भी पेड़-पौधों, वन्य जीवों एवं पक्षियों के नाम पर निर्धारित किए गए है। पुरानी पीढ़ी अपने कुल-गोत्र से संबंधित वन्य जीवों, पेड़-पौधों एवं पक्षियों का संरक्षण करती थी। नई पीढ़ी समाज की प्राचीन परंपराओं की अवहेलना कर तेजी से प्राकृतिक संपदा को नष्ट कर रही है। विभाग ने आदिवासी समाज की इन प्राचीन परम्पराओं का सहारा लेकर बेखौफ चल रहे वन्य जीवों के शिकार एवं अवैध कटाई पर रोक लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है।




**गोत्र चिन्हों का करते हैं संरक्षण**

आदिवासी समाज की सामाजिक संरचना में गोत्र एवं गोत्र चिन्हों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जानकारों का कहना है आदिवासी समुदाय क गोत्र के अलग-अलग चिन्ह निर्धारित हैं। ये सभी गोत्र चिन्ह वन्य जीव, पशु-पक्षियों, पेड़ों की विभिन्न प्रजाति सहित अन्य प्राकृतिक वस्तुओं के रूप में है। गोत्र-चिन्ह के रूप में प्राकृतिक वस्तुओं, वन्य जीवों एवं पेड़-पौधों का चिन्हांकन ही उनके प्राकृतिक प्रेम एवं साहचर्य का द्योतक है। आदिवासी समाज के लोग अपने गोत्र चिन्हों का संरक्षण करते हैं। वन अधिकारियों का मानना है कि इसकी जानकारी समाज के लोगों तक पहुंचाने से उनमें जागरूकता बढ़ेगी तथा वे अपने गोत्र चिन्ह एवं प्रतीकों की सुरक्षा के लिए आगे आएंगे।

**20 से अधिक ग्रामीणों की मौत**

वन्यजीवों के शिकार के लिए लगाए गए करंट के फंदे से लगातार वन्य जीवों की मौत तो हो रही है क्षेत्र के ग्रामीण भी फंदे के संपर्क में आकर लगातार अपनी जान गवां रहे हैं। करंट के फंदे के संपर्क में आने से अब तक 20 से अधिक ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। जंगल के रास्ते आवागमन करने के दौरान ग्रामीण करंट के फंदे के संपर्क में आ जाते हैं। बलरामपुर वनमण्डल में करंट के फंदे के संपर्क में आने से सर्वाधिक मौतें हुई है।

**चल रहा अभियान**

आदिवासी समाज के गोत्र चिन्ह वन्य जीव, पेड़-पौधों आदि के नाम पर निर्धारित है। समाज के लोग अपने गोत्र चिन्हों का संरक्षण करते हैं। विभाग द्वारा आदिवासी समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा बैगा, गुनिया एवं समाज प्रमुखों की मदद से इस तरह का जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है सभी वन मंडलों में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

-अरूण पाण्डेय, पीसीसीएफ



## 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

मंगल भवन 5 जनवरी से 24 कुंडीय विशाल राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ की औपचारिक शुरुआत 26 दिसंबर को शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे आचार्यों द्वारा विधिवत भूमि पूजन के साथ हो चुकी है।

- 5 जनवरी को भव्य कलश यात्रा से होगा महायज्ञ का शुभारंभ

आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का शुभारंभ 5 जनवरी को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह यज्ञ राष्ट्र के कल्याण, शौर्य एवं समृद्धि के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की सुख-शांति और उन्नति की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। गायत्री परिवार द्वारा क्षेत्र के समस्त लोगों एवं गायत्री परिवार के परिजन से सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने की कहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल है। यज्ञ स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंडप निर्माण, यज्ञ वेदी, आवास एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों में राजेंद्र अग्रवाल, घनश्यामदास अग्रवाल, शंभु नारायण देवांगन, राकेश कुशवाहा, प्रमिला गुप्ता, सरोज गुप्ता, संगीता गुप्ता, काजल गुप्ता एवं रैना गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता सक्रिय है।

## पीएमजीएसवाई के तहत 117 किमी सड़कों की स्वीकृति, 102 करोड़ से बदलेगा क्षेत्र का चेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर लंबे समय से चली आ रही अपेक्षाओं को अब ठोस आकार मिलता नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण, बैच-1 के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से 35 नई सड़कों की स्वीकृति मिली है। कुल 117.02 किलोमीटर लंबाई वाली इन सड़कों पर लगभग 102 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत आएगी। यह सिर्फ सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं, बल्कि प्रतापपुर के ग्रामीण अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है।



जिले के वाड्रफनगर विकासखंड से लेकर सूरजपुर जिले के प्रतापपुर ब्लॉक तक के सैकड़ों गांव और बस्तियां लाभान्वित होंगी। वर्षों से कच्चे रास्तों, कीचड़ और आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए अब पक्की सड़कें शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के नए अवसर खोलेंगी। हर सड़क के साथ एक-एक बस्ती को जोड़ने की योजना इस बात का प्रमाण है कि विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच के साथ यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते को क्षेत्र में एक सक्रिय, संवेदनशील और जमीन से जुड़ी जनप्रतिनिधि के रूप में जाना जाता है। सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर उनका निरंतर फोकस अब धरातल पर परिणाम देता दिखाई दे रहा है। प्रतापपुर विधानसभा में करोड़ों की लागत से चल रहे विकास कार्यों को लेकर लोगों में उत्साह है। इन 35 सड़कों में दूरस्थ वनांचल और आदिवासी बहुल क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कई ऐसे मार्ग हैं, जो बरसात के दिनों में पूरी तरह अवरुद्ध हो जाते थे और ग्रामीणों को पैदल या बैलगाड़ी से सफर करने को मजबूर होना पड़ता था।

अब इन मार्गों के पक्के होने से स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, किसानों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्र सरकार के सहयोग से संभव हो पाया है।

## परीक्षा पूर्व प्रश्न पत्र की उपलब्धता केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी : डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में दो दिन पूर्व बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में प्रश्नपत्र विलम्ब से पहुंचने के मामले में विवि प्रबंधन ने कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य को दोषी माना है तथा मामले में प्रभारी प्राचार्य को पत्र लिखने के साथ ही उपस्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

- कॉलेज प्रबंधन ने मानव संसाधन प्रबंधन विषय की परीक्षा के प्रश्न पत्र संबंधी नहीं दी थी सूचना

एसजीजीयू के कुलसचिव डा.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत अनेक विषयों की स्वीकृति प्रदान की गई है। विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार परीक्षा के विषयों का चयन करते हैं। विवि द्वारा प्राचार्यों को किसी भी विषय के 10 परीक्षार्थी होने की सीमा निर्धारित की गई है ताकि प्रश्नपत्रों की व्यवस्था में सहूलियत हो। विवि द्वारा हर कॉलेज में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं दो सहायकों की नियुक्ति की गई है। इन्हें नियमानुसार राशि का भी भुगतान किया जा रहा है। केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष की जिम्मेदारी है कि परीक्षा पूर्व वे प्रश्नपत्र उपलब्धता की जानकारी ले तथा समस्या होने पर विवि प्रबंधन को समय पूर्व सूचना दें। शासकीय महाविद्यालय में 1 जनवरी को बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की मानव संसाधन प्रबंधन विषय की परीक्षा थी। दूरस्थ क्षेत्र के अन्य शासकीय कॉलेजों के केन्द्राध्यक्षों ने समय पूर्व प्रश्न पत्र नहीं पहुंचने की सूचना दी। सूचना पर विवि प्रबंधन द्वारा तत्काल प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इसके विपरीत शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर के केंद्राध्यक्ष ने इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जिससे परीक्षार्थियों को समस्या हुई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य को पत्र लिखने के साथ ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।




## बेटी के साथ मिलकर पति ने की पत्नी की हत्या, बेटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी के शराब पीने से परेशान होकर पति ने बेटी के साथ मिलकर पत्नी की इस कदर लाठी-डंडे से पिटाई किया कि पत्नी की अस्पताल ले जाते समय ही मौत गई। इधर मर्ग जांच के दौरान कोतवाली पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार कर लिया जबकि पति की तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक शहर के घुटरापारा निवासी दुर्गा हरि पति धन्नू हरि (45 वर्ष) 29 दिसंबर की रात कहीं से घूम कर घर आई तो पति व बेटी सोना मति ने शराब के नशे में आए दिन इधर-उधर चले जाने की बात को लेकर दुर्गा हरि की लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया जिससे मारपीट से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दूसरे दिन महिला की हालत नाजुक हो जाने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू की। मर्ग जांच के दौरान आज मृतिका की मां मधु चौधरी ने पुलिस को बताया कि घटना के एक सप्ताह पूर्व धन्नू हरि का फोन आया कि दुर्गा आए दिन शराब पीकर घूमती रहती है जिससे उसे अब अपने पास नहीं रख सकते और ले जाने की बात कही। मां ने भी उसे पहुंचाने की बात कही। इसी बीच दुर्गा कहीं चली गई और जब 29 दिसंबर को घर लौटी तो उसके साथ मारपीट किया गया जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी बेटी को गिरफ्तार किया है जबकि आरोपी पति की तलाश की जा रही है।

# घर का ताला तोड़ चोर ले उड़े 2 लाख से अधिक के जेवर

**अम्बिकापुर।** सूने मकान का ताला तोड़ चोरों ने नगदी सहित लगभग 2 लाख 90 हजार कीमत के जेवर को चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी बसदेई में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम सोनपुर महुआरी पारा निवासी अब्दुल कयुम अली आ. मो. अयुब अली (40 वर्ष) ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है कि 26 दिसंबर की सुबह दादी की मृत्यु हो जाने पर घर में ताला लगाकर परिवार के साथ महगांवा गए थे। 31 दिसंबर की शाम 5 बजे भाभी हसीना ने फोन कर बताया कि घर का ताला टूटा है। सूचना पर जब मकान मालिक घर पहुंचा तो देखा दरवाजा का ताला टूटा तथा कमरे में सामान बिखरे हुए थे। मकान मालिक के मुताबिक चोरों ने अलमारी में रखे नगर 15 हजार रुपए के अलावा लगभग 2 लाख 90 हजार 290 रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रांसफार्मर पर चढ़कर युवती ने छू लिया तार, मौत

**अंबिकापुर।** ट्रान्सफार्मर पर चढ़कर हाईटेंशन तार छूने से युवती की मौत हो गई। युवती मानसिक रूप से कमजोर थी। घटना बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम सेमराताला निवासी अमृता पैकरा आ. बिशुन पैकरा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी और परिजन उसका उपचार करा रहे थे। इस दौरान शुक्रवार की सुबह 9 बजे युवती अचानक ही घर से निकल गई और लगभग 60 मीटर दूर स्थित ट्रांसफार्मर के पास पहुंच गई। इसी बीच युवती का चचेरा भाई भी किसी काम से बाड़ी की तरफ जा रहा था जिसने अमृता को ट्रांसफार्मर पर चढ़ते हुए देखा लेकिन इससे पहले की वह शोर मचा पाता बालिका ने ट्रांसफार्मर के हाईटेंशन तार को छू लिया जिससे वह जमीन पर गिर गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचकर युवती को उठाया और घर लेकर जाने लगा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

**सांप काटने से गंभीर युवक की मौत**

बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ग्राम कोटालो निवासी 35 वर्षीय गुलचन आ. जीतू राम 1 जनवरी की रात 10 बजे घर से बाहर शौच के लिए गया हुआ था इस दौरान उसे सांप ने काट लिया। सर्प दंश से युवक की हालत गंभीर हो गई और देर रात युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## कलेक्टर व एसपी ने कुसमी क्षेत्र में किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज : बलरामपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले के कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। धान के अवैध परिवहन, भंडारण एवं कोचियों व बिचौलियों द्वारा धान के अवैध विक्रय के प्रयासों पर रोक लगाने हेतु प्रशासनिक अमला सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा तथा एसपी वैभव बैंकर ने विकासखण्ड कुसमी के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों एवं चेक पोस्टों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विकासखंड कुसमी के धान खरीदी केन्द्र चांदो, सामरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र समिति प्रबंधक से चर्चा कर टोकन, अब तक हुए धान खरीदी की मात्रा एवं धान उठाव की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक से कहा कि बिचौलियों व कोचिए अपना धान न बेच पाये इस पर सतत निगरानी रखे। उन्होंने खरीदी केंद्र में बारदानों की उपलब्धता, स्टेंसिल को सही स्थान पर लगाने, बारदाने में निर्धारित मात्रा में धान का भराव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने धान विक्रय करने में कृषकों को कोई परेशानी न हो यह सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने धान के उठाओ की जानकारी लेते हुए उपस्थित अधिकारी को धान का शीघ्र उठाव करने के निर्देश दिये ताकि धान खरीदी सुचारू रूप से हो सके। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में समर्थन मूल्य पर धान बेचने आये किसानों से चर्चा कर टोकन, किसान किताब पर्ची सहित अन्य दस्तावेजों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तराजू एवं नमी मापक यंत्र, बारदाना पंजी, खरीदी पंजी का अवलोकन कर उचित संधारण करने के निर्देश दिये। एसपी श्री बैंकर ने सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा कर धान के अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही करने तथा आवश्यकतानुसार पुलिस का सहयोग लेने की बात कही। इसके साथ ही कलेक्टर, एसपी ने अमटाही व कोरोंधा चेकपोस्ट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चेकपोस्ट में तैनात कर्मचारियों से बात की और किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि होने पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री बैंकर ने कर्मचारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिये और वाहनों का सघन जांच करने को कहा।

# स्थाई प्रतीक्षा सूची से 4668 अपात्र हितग्राहियों के नाम होंगे विलोपित

**बलरामपुर।** पीएम आवास के अपात्र हितग्राहियों के नाम अब सूची से विलोपित किए जाएंगे। नामों के विलोपन हेतु शासन द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए है जिसके बाद काटे जाने वाले नामों की सूची जनपद पंचायतों में चस्पा कर दी गई है। अपात्र हितग्राहियों से नामों के विलोपन को लेकर दावा आपत्ति का समय 9 जनवरी निर्धारित किया गया है।

- जनपद पंचायतों में चस्पा की गई सूची, 9 जनवरी तक दावा आपत्ति

संचालनालय, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना विकास के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों के नाम विलोपन संबंधी मार्गदर्शिका प्रेषित की गई है। जिसके परिपालन में भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-26 हेतु प्राप्त लक्ष्य के अंतर्गत विभिन्न कारणों से अपात्र पाए गए हितग्राहियों के नामों के विलोपन की कार्यवाही की जानी है। जनपद पंचायतों से जनगणना 2011 सूची एवं आवास 10 आधारित स्थायी प्रतिक्षा सूची (पीडब्लूएल) से विभिन्न कारणों का उल्लेख करते हुए 4668 अपात्र हितग्राहियों का नाम विलोपन हेतु जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है एवं हितग्राहियों का नाम आवास प्लस पोर्टल से विलोपन (रिमाण्ड) हेतु आवश्यक दस्तावेज अपलोड की जा रही है। जनपद पंचायत से प्राप्त सूची के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतिक्षा सूची (पीडब्लूएल) से 4668 (बलरामपुर-917, कुसमी-988, राजपुर-532, रामचन्द्रपुर-825, शंकरगढ़-448, वाड्रफनगर-958) अपात्र हितग्राहियों का नाम संबंधित जनपद पंचायत के सूचना पटल पर प्रकाशित की गई है। नाम विलोपन हेतु 9 जनवरी तक दावा आपत्ति मंगवाई गई है। दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में हितग्राहियों का नाम आवास प्लस पोर्टल से विलोपन (रिमाण्ड) की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।




## अब तक नहीं सुलझा 49 हजार की रुपए उठाइगिरी का मामला

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 स्थित महाप्रबंधक कार्यालय बिश्रामपुर के सामने शारदा जनरल स्टोर के बाहर पांच दिवस पूर्व हुए 49 हजार रुपये नगदी रकम की उठाईगिरी होने मामले में अब तक आरोपियों का किसी प्रकार का सुराग नहीं लग सका है,बिश्रामपुर पुलिस अलग अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी फुटेज निकाल कर उसकी जांच कर रही है,लेकिन अभी तक पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है,बता दें कि ग्रामीण गौ सेवक का कार्य करने वाले युवक ग्राम राजापुर निवासी अमरनाथ सिंह गत 29 दिसंबर सोमवार को स्टेट बैंक बिश्रामपुर के अपने बचत खाते से 49 हजार रुपये नगदी आहरण कर शारदा जनरल स्टोर में किराना सामान लेने गया था,इस दौरान नगदी रकम व पासबुक सहित मवेशियों की दवा को बाइक के बैग में रखकर दुकान में सामान लेने गया था,इसी दौरान उसका बैंक से रेकी कर पीछा कर रहे बाइक सवार दो युवकों ने उसका नगदी से भरा बैग लेकर भाग निकले, पीड़ति युवक अमरनाथ ने बताया कि वह घर में काम लगे मजदूरों को वेतन देने रुपये आहरण किया था और वह कुछ किराना सामना लेने गया,इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उसका बैग पार कर दिया।घटना के बाद दुकान में लगे सीसी टीवी में दो बाइक सवार युवक बैग उठाते दिखाई दे रहे हैं जो अंबिकापुर रोड की तरफ तेजी से भाग निकले,वारदात के बाद पीड़ति युवक अमरनाथ ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है,फिलहाल पुलिस बैंक सहित किराना दुकान व अन्य स्थानों का सीसी टीवी फुटेज संग्रह कर उसका परीक्षण कर रही है।

- बिश्रामपुर पुलिस अलग अलग जगहों के सीसीटीवी फूटेज निकाल कर रही जांच



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव



कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।

## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।



# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## खबर संक्षेप

### टीबी मरीजों को किया गया फूड बास्केट वितरण

**रायगढ़।** जिला चिकित्सालय में टीबी रोगियों हेतु फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 32 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। आयोजन का उद्देश्य टीबी उन्मूलन अभियान को सुदृढ़ करते हुए रोगियों को पोषण व परामर्श के माध्यम से उपचार में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर मरीजों को नियमित रूप से दवा सेवन, समय पर जांच कराने तथा उपचार के प्रति सतर्क रहने का परामर्श भी दिया गयाए जिससे उपचार की निरंतरता बनी रहे और शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता मिल सके। यह कार्यक्रम सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार पटेल, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. जय कुमारी चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. एके कुशवाहा, डॉ.पीके गुप्ता, के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### धान खरीदी व्यवस्था से परेशान किसानों ने किया चक्काजाम

**रायगढ़।** जिले में धान खरीदी व्यवस्था को लेकर परेशान किसानों ने चक्काजाम कर दिया। सरकार के 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदी की घोषणा के बाद भी कुडूमकेला धान मंडी में 16 क्विंटल धान खरीदी की जा रही थी। ऐसे में 5 गांव किसानों ने अपनी मांगो को लेकर चक्काजाम कर दिया। जहां तकरीबन 4 घंटे तक ग्रामीणों का आंदोलन चला। पूरा मामला घरघोड़ा ब्लॉक के कुडूमकेला धान मंडी का हैएजहां किसानों से प्रति एकड़ 16 क्विंटल धान लिया जा रहा था। ऐसे में किसानों ने शासन के घोषणानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया। मंडी के मेन रोड पर ग्रामीण सड़क पर बैठे और अपनी मांगो को लेकर नारेबाजी करने लगे। विरोध प्रदर्शन में कुडूमकेला, कोसमघाट, पुरी, पुसल्दा और पिलाईदरहा के बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे। साथ ही ट्रैक्टर में किसान धान लेकर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई और आवागमन बाधित रहा। जब अधिकारियों को चक्काजाम की जानकारी लगीए तो घरघोड़ा से नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जिसके बाद किसानों का चक्काजाम समाप्त हुआ ।

### सरवानी में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**खरसिया।** 2 जनवरी को ब्लॉक स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन खरसिया के ग्राम सरवानी में किया गया। स्वास्थ्य मेला में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और 670 लोगों ने इसका फायदा उठाया और स्वास्थ्य परीक्षण कराया साथ ही निःशुल्क दवायें भी प्राप्त की। इस मेले में सर्व प्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती शिखा रविन्द्र गवेल अध्यक्ष, जिला पंचायत रायगढ़ ललित कुमार उरांव, सरपंच, ग्राम पंचायत सरवानी महेश साहू, छाया विधायक विधानसभा खरसिया, श्रीमती राम कुमारी राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया, डॉ हितेश गवेल, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खरसिया के द्वारा भगवान धनवंतरी के शैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर आयुष मेले का विधिवत शुभारंभ किया गया किया गया। इस अवसर पर मेला प्रभारी डॉ एम महापात्र ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए आहार विहार दिनचर्या ऋतु चर्याए योगए आसानए प्राणायाम आदि के बारे में उपस्थित लोगों को बताया।

### शिव महापुराण यज्ञ का आयोजन आज से

**खरसिया।** खरसिया के गौशाला तालाब शिव मंदिर के पास 4 से 12 जनवरी तक शिव महापुराण यज्ञ संगीतमय प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें व्यास पीठ पर कथावाचक आचार्य पंडित बृजेश तिवारी खैरमुड़ा वाले अपनी मधुर वाणी से कथा का रसपान कराएंगे। शिव महापुराण यज्ञ के अंतर्गत 4 जनवरी को कलश यात्रा होगी। 5 को कथा प्रारंभ 6 जनवरी को विद्येश्वर संहिताए 7 जनवरी को सती खंड संहिताए 8 जनवरी को शिव पार्वती विवाहए 9 जनवरी को रूद्र संहिताए कुमार खंडए 10 जनवरी को कोटि रूद्र, उमा संहिता एवं 11 जनवरी को वायवीय संहिताए पंचाक्षरी महिमा का प्रवचन किया जाएगा।


## 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शराबियों ने गटक ली 4 करोड़ की शराब

# नए साल के स्वागत में थर्टी फर्स्ट को शराबियों ने ऐसे छलकाए जाम की टूट गया 15 साल का रिकार्ड

**विभाग को रिकार्ड तोड़ मिला राजस्व**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नए साल के जश्न का शराबियों में ऐसा सुरुर चढ़ा की पीने में बीते 15 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। यह हम नहीं बल्कि आबकारी विभाग का आंकड़ा कह रहा है। यहां नए साल के स्वागत में थर्टी फर्स्ट को शराबियों ने जाम पर जाम छलकाए की आबकारी विभाग का बल्ले-बल्ले हो गया। इससे विभाग का जहां तिजोरी भर गया । वहीं रिकार्ड राजस्व की वसूली होने की बात कही जा रही है।



दूसरी ओर सरकार नशा मुक्ति के लिए हर साल एनजीओ को लाखों की अनुदान दे रही है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि शासन की नशामुक्ति का असर कहां और कैसे हो रहा है। पुराने साल की विदाई के साथ नए साल का स्वागत करने लोगों ने पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शराब के लिए ज्यादा खर्च किए। 31 दिसंबर को रायगढ़ जिले में 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। इनमें सबसे ज्यादा विदेशी मदिरा की बिक्री हुई है। वर्ष 2024 में साल के अंतिम दिन में जिले में जहां महज डेढ़ करोड़ रुपए के करीब शराब की बिक्री हुई थी। इस लिहाज से इस साल के अंत में बीते 15 साल की तुलना में दोगुना शराब की बिक्री हुई है। शराब की कीमत ज्यादा होने की वजह से आबकारी विभाग को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति हुई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इस साल नए साल के स्वागत में लोगों नें 4 करोड़ शराब पर खर्च कर किया है। इसमें सबसे ज्यादा बिक्री प्रीमियम दुकानों में हुई है।

**टूटा रिकार्ड, मिला राजस्व**

आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस बार जिले में 31 दिसंबर की रात को कुल 2 करोड़ 10 लाख रूपए की शराब की बिक्री की गई। वहीं नए साल वाले दिन महज 1 करोड़ 90 लाख रूपए की शराब बिक्री हुई। पिछले वर्ष की तुलना में यह आंकड़ा बढ़ा हुआ है, पिछले साल नए साल पर जिले में 1 करोड़ 45 लाख रूपए की बिक्री हुई थी ।

**इस बार कम लोगों को ही दिया लाइसेंस**

साल के अंतिम दिन शराब परोसने फार्म हाउस संचालकों के साथ कई निजी लोगों ने आबकारी विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। मापदंड में खरा उतरने वाले कुछ ही लोगों को ही शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया। जिन लोगों को शराब पिलाने लाइसेंस जारी किया गया, उनमें एक रिसोर्ट के साथ ज्यादातर होटल तथा रेस्टोरेंट संचालक हैं।

**इस वजह से दिखा डर**

हर बार साल के आखिरी दिन विवाद होने के साथ मारपीट करने की घटनाएं सामने आती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस एक सप्ताह पहले से ही बदमाशों को एकत्रित कर उनकी क्लास लेने लगी थी। इस वजह से भी बदमाश सहमे हुए थे और आपराधिक घटना को अंजाम देने से बचते नजर आए।

### 100 बिस्तर अस्पताल में वैजाइनल हिस्टेरेक्टॉमी का सफल ऑपरेशन

**रायगढ़।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार गुणवत्ता और सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। इसी कड़ी में मातृ एवं शिशु 100 बिस्तर अस्पताल रायगढ़ में महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी एक जटिल समस्या का सफल उपचार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाली 55 वर्षीय महिला लंबे समय से गर्भाशय में दर्द एवं गर्भाशय बाहर आ जाने की गंभीर समस्या से पीड़ति थीं। आर्थिक एवं भौगोलिक कारणों से महिला बड़े शहरों में उपचार नहीं करा पा रही थीं। मातृ एवं शिशु रोग अस्पताल रायगढ़ पहुंचने पर महिला की जांच सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल के नेतृत्व में तथा डॉ. अभिषेक अग्रवाल के मार्गदर्शन में की गई। वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉण दिशा ठाकुर क्षत्रिय एवं डॉ. उपमा पटेल द्वारा मरीज की पहले विस्तृत काउंसलिंग की गई।

## चरित्र शंका पर धारदार हथियार से काटा पत्नी का गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चरित्र शंका पर पति ने धारदार हथियार से अपनी पत्नी का गला काटकर उसे मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद आरोपी ने खुद थाने में जाकर सरेंडर कर दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पुसौर के नवापारा का रहने वाला सेतु चौहान 34 पिछले कुछ समय से पत्नी निशा चौहान 30 साल और दो बच्चों के साथ चमड़ा गोदाम में किराए के मकान में रह रहा था। उसे पत्नी पर चरित्र संदेह था। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार बहस होती थी। 1 जनवरी 2026 की रात दोनों के बीच फिर से विवाद हुआ। इसके बाद रात करीब 8 बजे सेतु पत्नी को सांगीतराई से बनसिया रोड पर लेकर गया और वहां उसके गर्दन पर लोहे के कत्ते से हमला कर दिया। निशा खून से लथपथ होकर गिर गई और मौके पर उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर सेतु जूटमिल थाना पहुंचा और मामले की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। सड़क किनारे खून से सनी हुई निशा की लाश पड़ी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजवाया। बताया जा रहा है कि सेतु को जेल कॉम्पलेक्स क्षेत्र में रहने वाले किसी युवक के साथ पत्नी का अफेयर होने का संदेह था। जिसके कारण उसने घटना को अंजाम दिया।

## एसआईएस की भर्ती से खुले रोजगार के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुरनगर। जिले के युवाओं के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एसआईएस (इंडिया) लिमिटेड द्वारा जशपुर जिले में सुरक्षा सेवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह भर्ती 7 जनवरी से 20 जनवरी 2026 तक जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से की जाएगी।

भर्ती अभियान के तहत 500 सुरक्षा जवान, 100 सुरक्षा अधिकारी तथा 25 सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 24 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसके पश्चात उन्हें देशभर में विभिन्न प्रतिष्ठानों में नियुक्ति दी जाएगी। योग्यता व चयन प्रक्रिया- भर्ती अधिकारी अजय कुमार के अनुसार अभ्यर्थियों का शारीरिक रूप से सक्षम एवं स्वस्थ होना आवश्यक है। आयु सीमाः 19 से 40 वर्ष न्यूनतम कदः 56 इंच भर्ती स्थल पर शारीरिक मापदंड परीक्षण, लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा।चयनित अभ्यर्थियों को जशपुर में पीटी, ड्रिल, ड्यूटी थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, बैंक व संस्थागत सुरक्षा, फायर फाइटिंग तथा कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अभ्यर्थियों को बैंक, फैक्ट्री, मॉल, सरकारी कार्यालय एवं निजी प्रतिष्ठानों में नियुक्ति प्रदान की जाएगी।

**इन तिथियों पर होंगे भर्ती शिविर**

7 जनवरी – कांसाबेल थाना
8 जनवरी – बगीचा थाना
9 जनवरी – कुनकुरी थाना
10 जनवरी – नारायणपुर थाना
12 जनवरी – दुलदुला थाना
13 जनवरी – आस्ता थाना
14 जनवरी – पत्थलगांव थाना
15 जनवरी – तुमला थाना
16 जनवरी – फरसाबहार थाना
17 जनवरी – पथलगांव थाना
18 जनवरी – तपकरा थाना
19 जनवरी – जशपुर थाना
20 जनवरी – एसआईएस कार्यालय

**सरकारी मानकों के अनुरूप सुविधाएं**

एसआईएस लिमिटेड द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बीमा, चिकित्सा, आवास एवं मेस सुविधा के साथ यात्रा व भोजन भत्ता भी दिया जाएगा।भर्ती अधिकारी ने बताया कि यह भर्ती अभियान जिले में बढ़ती बेरोजगारी को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जिससे युवाओं को सुरक्षित भविष्य और स्थायी आजीविका का अवसर मिलेगा।

## दो किलो गांजा के साथ 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** दो किलो गांजा के साथ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से नगदी रकम समेत बाइक को जब्त किया गया है। मामला शिवरीनारायण का है।

इस संबंध में ि शवरीनारायण पुलिस से ि मली जानकारी के अनुसार बुधवार 31 दिसंबर मुखबिर से सूचना मिली कि शिवरीनारायण पुल चौक मेनरोड पर वाहन चेकिंग किया जा रहा था। इस दौरान दो व्यक्ति एक मोटर सायकल एचएफ डिलक्स में पिठठू बैग में बीच में रखकर अवैध गांजा लेकर शिवरीनारायण की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही की गई। मौके पर आरोपी



के कब्जे से 2 किलो 20 ग्राम कीमती 18 हजार रुपये, नगदी रकम 7100 एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जुमला कीमती 70 हजार 100 रुपए को बरामद किया जाकर आरोपीगण के विरुद्ध धारा 20 (बी), 29 एन.डी.पी. एस. एक्ट पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही सउनि रामप्रसाद बघेल थाना प्रभारी शिवरीनारायण, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र शुक्ला आरक्षक नितिन द्विवेदी, बलराम यादव शेषनारायण साहू थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

## साहू संघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर साहू समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया है। जिले में इसे समाज की अस्मिता और सम्मान पर सीधा हमला बताया जा रहा है।

इस मामले को लेकर जिला साहू संघ जशपुर के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक जशपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व मुख्यमंत्री के बयान को अमर्यादित, आपत्तिजनक और निंदनीय बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साहू संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव साहू समाज के गौरव हैं और उनके विरुद्ध इस प्रकार की टिप्पणी से समाज के लोगों की भावनाएं गहरी रूप से आहत हुई हैं। संघ का कहना है कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं से मर्यादित भाषा और जिम्मेदार व्यवहार की अपेक्षा की जाती है, लेकिन इस बयान ने सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाई है। साहू संघ ने दो टूक शब्दों में मांग की है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बयान को 10 दिनों के भीतर सार्वजनिक रूप से वापस लें और स्पष्ट शब्दों में साहू समाज से माफी मांगें। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय-सीमा के भीतर बयान वापस नहीं लिया गया, तो साहू समाज लोकतांत्रिक, संगठित और चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के लिए विवश होगा।

## इंटर यूनिवर्सिटी स्पर्धा के लिए लगा महिला हॉकी प्रशिक्षण शिविर

**जशपुरनगर।** अगले सप्ताह राउरकेला में होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला हॉकी स्पर्धा में सफलता के लिए सरगुजा विश्वविद्यालय टीम का विशेष सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एस्टोटर्फ मैदान में किया जा रहा है। खिलाड़ियों में आपसी सामंजस्य, फिटनेस, कौशल, तकनीक में सुधार लाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में सरगुजा विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। यह शिविर सरगुजा विश्वविद्यालय के निर्देशन में शासकीय राम भजन राय एनईएस पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित किया गया है।

गुरुवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेन्द्र ने प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल में सफलाता के लिए एकाग्रता व फिटनेस बहुत जरूरी है। प्रतिभागी खिलाड़ी इस पर विशेष ध्यान दें।



शिविर में विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के संचालक मनोज कुमार झरिया, एनईएस कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार, हॉकी कोच सुप्रिया तिग्गा और लाइब्रेरियन अरुणा देवी के नेतृत्व में खिलाडियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतिभागियों में सरस्वती महाविद्यालय अंबिकापुर से आरुषि, अलका होली क्रॉस महाविद्यालय अंबिकापुर से सरिता, शासकीय राजमोहनी वूमेन पीजी कॉलेज अंबिकापुर से रोहिणी और सालू शासकीय विजय भूषण सिंह देव गर्ल्स कॉलेज जशपुर से संजना, राधिका, क्रिस्पिन, अनुग्रहित, सृष्टि, साक्षी और शासकीय राम भजन राय एनईएस पीजी महाविद्यालय से प्रियांशी भगत, प्रियांशी लकड़ा, वर्षा, अंजीलीना, मधु नमिता, अदिति, इंदुमती, कोमल शामिल हैं। टीम के कप्तान रोहिणा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर सुबह और शाम के सत्रों में आयोजित किया जा रहा है जिसमें हमें कंडीशनिंग, वार्मअप कूलिंग डाउन, स्किल, तकनीक के ड्रिल आदि सिखाए जा रहे हैं। शिविर में सभी स्किल पर बारीकियों से ध्यान दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि 7 से 11 जनवरी तक म्युनिसिपल कॉलेज राउरकेला में ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन संबलपुर विश्वविद्यालय द्वारा किया जाना है। इसमें सरगुजा विवि की टीम भी भाग लेगी।

## जिले में साल 2025 में अपराध का ग्राफ हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा वर्ष 2025 की वार्षिक अपराध समीक्षा जारी की गई है, जिसमें लगभग सभी श्रेणियों में अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। पुलिस की सक्रियताए सतत निगरानी एवं प्रभावी कार्रवाई के चलते कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ हुई है।

हत्या की बात करें तो वर्ष 2024 में 16 प्रकरणों की तुलना में वर्ष 2025 में 13 प्रकरण दर्ज हुए हैं, इस तरह 19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हत्या का प्रयास 12 से घटकर 4 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जोकि 33 प्रतिशत की कमी आई है। आपराधिक मानव वध 4 से घटकर 2 प्रकरण दर्ज हुए हैं, यानि 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। संपत्ति संबंधी अपराध नकबजनी 65 से घटकर 46 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिससे 30 प्रतिशत की कमी आई है। चोरी के 109 से घटकर 74 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 33 प्रतिशत की कमी आई है। बलात्कार के 22 से घटकर 18 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 19 प्रतिशत की कमी आई है। शीलभंग के 27 से घटकर 24 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें 22 प्रतिशत की कमी आई है। प्रताड़ना के 17 से घटकर 9 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 47 प्रतिशत की कमी आई है। बाल बलात्कार के 37 से घटकर 27 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 28 प्रतिशत की कमी आई है। अपहरण व्यपहरण के 70 से घटकर 61 प्रकरण दर्ज किए गए हैंए जिसमें 13 प्रतिशत की कमी आई है। अपराध निराकरण वर्ष 2025 में कुल 2464 प्रकरण पंजीबद्ध किए गएए जिनमें से 94.46 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण किया गया है। शेष प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।




**तीन बदमाशों को किया गया जिला बदर**

तीन आदतन अपराधी एवं बदमाश किस्म के व्यक्तियों को जिला बदर किया गया है। आबकारी के 908 प्रकरणों में 9884 लीटर शराब जब्त करते हुए 95 वाहनों को राजसात किया गया है। मादक पदार्थ 32 प्रकरणों में 884 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त 100 प्रकरणों में 3496 किलोग्राम मादक पदार्थ का नष्टीकरण।

## दिव्यांग दम्पत्ति को मिला आर्थिक संबल

**रायगढ़।** राज्य शासन की निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना दिव्यांगजनों के वैवाहिक जीवन को आर्थिक सुरक्षा और आत्मनिर्भरता प्रदान कर रही है। योजना के अंतर्गत विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम.कोतरा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग अनिल कुमार महंत को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।
वित्त मंत्री एवं जिले के विधायक ओपी चौधरी के हाथों प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने पर हितग्राही अनिल कुमार महंत ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि इस सहायता राशि से वे अपने भविष्य को सुरक्षित करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि अनिल कुमार महंत द्वारा समाज कल्याण विभाग रायगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के पश्चात डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में 50 हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक शिवशंकर पाण्डेय ने बताया कि निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत यदि दम्पत्ति में एक व्यक्ति दिव्यांग हो तो 50 हजार रुपए तथा दोनों के दिव्यांग होने की स्थिति में 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण, कार्य में तेजी लाने का निर्देश



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में निर्माणाधीन कलेक्टोरेट सयुंक्त जिला कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग एसडीएम और तहसील कार्यालय भवन निर्माण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ड्राइंग डिजाइन के अनुसार निर्माण निर्माणाधीन कंपोजिट बिल्डिंग को पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पीएल पैकरा एवं ठेकेदार को दिए।

इसके बाद डॉ कन्नौजे ने खेलभांठा मैदान में निर्माणाधीन मंच निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के हॉस्टल के जीर्णोद्धार कार्य का अवलोकन किया और एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पी एल पैकरा, एसडीएम सारंगढ़ वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कंपोजिट बिल्डिंग, एसडीएम और तहसील कार्यालय, मंच, पुराने छात्रावास भवन जीर्णोद्धार कार्य से लोगों को एक ही स्थान में सभी ऑफिस की सुविधा मिलेगी।







